भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.**5273**

दिनांक 24 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

सांस्कृतिक और धार्मिक भावनाओं के विपरीत गोमांस निर्यात में वृद्धि

5273. **श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत वैश्विक स्तर पर गोमांस के प्रमुख निर्यातक देशों में उभरकर सामने आया है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बड़े पैमाने पर गोमांस निर्यात बहुसंख्यक जनसंख्या की भावनाओं के प्रतिकूल है, जिनके लिए गौवंश का धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व है;

(ग) गत दस वर्षों के दौरान गोमांस के कुल निर्यात की मात्रा तथा मूल्य का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है तथा ऐसी संवेदनशीलताओं के बावजूद इसके विस्तार की अनुमति दिए जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार का व्यापार नीति को जनभावनाओं के अनुरूप बनाने के लिए कोई सुधारात्मक उपाय करने का प्रस्ताव है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (घ) विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) के अनुसार, गोमांस (गाय, बैल, बछड़े का मांस) का निर्यात निषिद्ध है और भारत से इसका निर्यात करने की अनुमति नहीं है।

****